हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, रविवार 14 जनवरी 2024
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


### खबर संक्षेप

## उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार आज चित्रकूट के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**सतना।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार चित्रकूट के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री श्री परमार प्रवास के दूसरे दिन 14 जनवरी को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके उपरांत सायं 5 बजे चित्रकूट से सतना के लिये रवाना होंगे। मंत्री श्री परमार रात्रि 8:45 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार आज चित्रकूट के कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**सतना।** प्रदेश के उच्च शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार चित्रकूट के दो दिवसीय प्रवास पर हैं। निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंत्री श्री परमार प्रवास के दूसरे दिन 14 जनवरी को स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके उपरांत सायं 5 बजे चित्रकूट से सतना के लिये रवाना होंगे। मंत्री श्री परमार रात्रि 8:45 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

## प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के आवेदन 31 जनवरी तक जमा होंगे

**सतना।** लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी हैं। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की वेबसाईट पर रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन जमा करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, संभागीय आयुक्त एवं कलेक्टरों को दिये हैं।

## मैहर जिले के भाजपा अध्यक्ष बनाए गए कमलेश सुहाने



**सतना।** मैहर के जिला बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने भी संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता कमलेश सुहाने को पार्टी का जिला अध्यक्ष मनोनीत कर दिया है। श्री सुहाने अभी तक के राजनीतिक सफर में पार्टी के कई जिम्मेदार पदों पर रह चुके हैं। उनके जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के लोगों में खुशी व्याप्त है।

### कहां कैसा काम चल रहा कोई मॉनिटरिंग करने वाला नहीं

# सीवर लाइन के काम की मनमानी पर जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में



सतना। शहर में सीवर लाइन का काम लोगों के लिए सबसे बडी मुसीबत बन चुका है। हालत यह है कि सीवर लाइन का काम करने वाली कंपनी मनमानी रवैया अपनाए हुए हैं जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। चिंता की बात तो यह है की जिम्मेदार लोग चुप हैं जिसकी वजह से वे संदेह के दायरे में है। शहर में सीवर लाइन को लेकर व्यवस्थित तरीके से काम नहीं होने के कारण कई साल से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। आवागमन मुश्किलों भरा हो रहा है। लोग इस बात को लेकर समय-समय पर अपनी नाराजगी व्यक्त भी करते हैं लेकिन उनकी नाराजगी को गंभीरता से लेने वाला कोई नहीं है।

### मौके पर नहीं जाते इंजीनियर

मौजूदा समय में शहर के अधिकांश इलाकों में सीवर लाइन का काम चल रहा है। लगभग सभी जगह पर व्यवस्थित काम नहीं होने के कारण लोग परेशान है। गड्ढे खोद दिए जाते हैं बिना बेस के पाइप डाली जा रही है और उसके बाद गढ्ढा ठीक तरीके से ठीक नहीं किया जा रहा है। ज्यादातर मिट्टी ठेकेदार द्वारा उठवा कर फेंक दी जाती है। बाद में मिट्टी कम हो जाती है और फिर से गड्ढे हो जाते हैं। किस जगह पर कैसा काम हो इसे देखने के लिए नगर निगम ने अपनी जिम्मेदारी से फिलहाल पल्ला झाड़ लिया है। यही वजह है कि अधिकारी मौके पर नहीं देख रहे हैं। लोगों का मानना है कि अगर अधिकारी निर्माण स्थल पर जाकर कामकाज का सूक्ष्म निरीक्षण करें तो ठेकेदार की मनमानी पर विराम लगाया जा सकता है।



### 15 दिन से सड़क बंद काम की गति धीमी

शहर के बीचो-बीच जवाहर नगर वार्ड क्रमांक 31 की हालत इन दिनों काफी दयनीय है। यहां पर 15 दिन से सीवर लाइन का काम चल रहा है लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है जिसकी वजह से लोगों को दूर दराज के इलाकों से घूम कर अपने घर आना जाना हो रहा है। यहां पर ठेकेदार द्वारा ठीक से काम नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से लोगों की नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। इलाके के लोग बताते हैं कि धीमी गति से काम करने के कारण लंबा समय गुजर गया और वह परेशान है। कई दिन तक तो लोग दरवाजे के बाहर एकत्रित मलवे को लेकर परेशान थे।

### बाजार क्षेत्र की भी दुर्गति

शहर के फूलचंद चौक,चौक बाजार,बिहारी चौक,लालता चौक आदि इलाके में सीवर लाइन का काम कर रही कंपनी ने किस तरह से काम किया है यह किसी से छुपा नहीं है। यहां पर उबड़ खाबड़ हो चुकी सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। लेकिन सड़क को ठीक करने वाले अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे हैं। बाजार में हर आने जाने वाला परेशान है।

### धूल की वजह से बीमारी भी

पूरे शहर में स्मार्ट सिटी की वजह से धूल उड़ रही है नतीजतन लोग बीमारी का शिकार भी हो रहे हैं। पिछले दिनों बारिश होने के कारण गाड़ियों के टायर में चिपक कर मिट्टी सड़कों पर फैल गई और अब वह धूल बनकर उड़ रही है। धूल के कारण लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही है।

# हिस्सेदारी मांगने पर पंचायत सचिव को किया सस्पेंड

### विभागीय जांच के निर्देश भी दिए

**सतना।** मझगवां जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हरदी की पंचायत निधि से हिस्सेदारी मांगना पंचायत सचिव को महंगा पड़ गया है। सीईओ जिला पंचायत ने पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू करने का आदेश दिया है। जनपद पंचायत मझगवां की ग्राम पंचायत हरदी के पंचायत सचिव श्रवणकुमार चतुर्वेदी को जिला पंचायत के सीईओ डॉ परीक्षित राव झाड़े ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीईओ जिला पंचायत ने निलंबित सचिव के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश जारी करते हुए जांच का जिम्मा सीईओ जनपद पंचायत मझगवां को सौंपा है। जबकि प्रस्तुतकर्ता अधिकारी खंड पंचायत अधिकारी मझगवां बनाए गए हैं। निलंबन अवधि में श्रवण कुमार चतुर्वेदी को मझगवां जनपद पंचायत कार्यालय में अटैच किया गया है। बताया जाता है कि पंचायत सचिव श्रवण कुमार चतुर्वेदी का एक ऑडियो पिछले दिनों वायरल हुआ था। पंचायत सचिव को उस ऑडियो में ग्राम पंचायत हरदी की पंचायत निधि में आधा हिस्सा लेने की बात कहते हुए सुना गया था। मामला सीईओ जिला पंचायत के संज्ञान में आने पर पंचायत सचिव को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया था। श्रवण कुमार ने जवाब में वायरल ऑडियो में सुनाई दे रही आवाज अपनी होने से इनकार किया था। लेकिन जनपद पंचायत मझगवां के सीईओ ने जवाब के परीक्षण प्रतिवेदन में बताया था कि प्रथम दृष्टया वह आवाज पंचायत सचिव हरदी श्रवण कुमार चतुर्वेदी की ही थी। प्रतिवेदन के आधार पर सीईओ जिला पंचायत ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को सचिव को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू करने के आदेश जारी कर दिए।

# प्रिज्म जॉनसन ने जीता 11वां ग्लोबल सेफ्टी सम्मिट सेफ्टी अवार्ड-2023

**सतना।** प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,सीमेंट डिवीजन,सतना को सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 11वां ग्लोबल सेफ्टी सम्मिट,सेफ्टी अवार्ड-2023 प्रदान किया गया है। यह अवार्ड प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से महाप्रबंधक (ई एण्ड आई) संजय सिंह एवं सिनियर आफिसर (सेफ्टी) शशिकांत चौधरी ने दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को नई दिल्ली सेफ्टी सम्मेलन में प्राप्त किया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले अवार्ड पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ विवेक अग्निहोत्री, प्रेसीडेंट एवं प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट (एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स) मनीष सिन्हा,अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी कम्पनी द्वारा सेफ्टी के क्षेत्र में अनवरत प्रतिबद्धता दोहरायी। उपरोक्त जानकारी देते हुये एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्लांट परिसर में आने वाले सभी आगंतुकों,वेंडर,सप्लायर,सरकारी अधिकारी,कर्मचारी एवं श्रमिकों को सेफ्टी गैलरी में इंडक्शन ट्रेनिंग कराई जाती है। कार्य के अनुरूप ये माडल बनाये गये हैं। प्लांट परिसर में प्रत्येक महीने सेक्शन वाइज आपातकालीन माकड्रिल कराई जाती है और सभी सेक्शन में टूल बाक्स टाक करवाया जाता है। सुरक्षा विभाग द्वारा इंडक्शन ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही साथ कन्फाइण्ड स्पेस,हाट वर्क,ऊंचाई कार्य आदि विषयों के बारे में बताया जाता है।



## नाली में गिरी गाय को सुरक्षित निकाल मुस्लिम युवक ने सौहार्द की अनूठी मिसाल कायम की

### पशु चिकित्सक को बुलाकर कराया उपचार

**सतना।** उचेहरा जनपद क्षेत्र के पिथौराबाद में उचेहरा मार्ग पर पिछले कई दिन से सड़क किनारे नाली में गिरी गाय की जान बचाने आगे आया युवक मोहम्मद जाकिर ने गाय को सड़क किनारे नाली में पड़ा देख अन्य युवकों को बुलाकर सुरक्षित बाहर निकाला और पशु चिकित्सक को बुलाकर उपचार कराकर सौहार्द की मिसाल कायम की है। बताया गया कि गाय अज्ञात लोगों द्वारा क्रूरता पूर्वक आवारा गाय के दोनो पैर में जीआई की मोटी तार से पैर बांध दिया गया था जिसके चलते पैर काफी सड़कर गहरा घाव हो चुका था। युवक द्वारा भूख से टूट चुकी गाय को चारा खिलाने के साथ ही उप थाना पोंडी में सूचना दी है। पुलिस द्वारा बताया गया की गाय की जान बचाने के लिए गांव की गोशाला में भिजवाया जायेगा और वहां रखकर इसका इलाज कराएंगे।





# सीएम के पटनाखुर्द में संभावित दौरे को लेकर कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का मुआयना किया



**सतना।** चित्रकूट के पटनाखुर्द गांव में मुख्यमंत्री मोहन यादव के 16 जनवरी को संभावित दौरे के मद्देनजर कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शनिवार को पटनाखुर्द पहुंच कर मौका मुआयना किया। उन्होंने पार्किंग स्थल को लेकर अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ में अपर कलेक्टर ऋषि पवार,पुलिस अधीक्षक,जिला पंचायत सीईओ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 16 जनवरी को मझगवां विकासखंड के पटना कला और चित्रकूट में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। इसी सिलसिले में तैयारियों का शनिवार को स्थल पर पहुंचकर कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया।

# श्री रावतपुरा सरकार संस्थान चित्रकूट में मनाया गया विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस

**सतना।** श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स,चित्रकूट में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संस्थान के समस्त कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा प्रातः सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात परमपूज्य महाराज श्री के आशीर्वाद से एवं संस्थान के निर्देशक रामपाल सिंह कौरव के सानिध्य में कार्यक्रम की अगली कड़ी में छात्रों द्वारा चित्रकूट की जनता को जागरूक करने हेतु रैली निकाली गयी। जिसमें तरह-तरह के श्लोगन छात्र व छात्राओं के द्वारा बोले गये एवं सेमिनार हॉल में तरह-तरह के कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुए इसी क्रम में संस्थान के निदेशक द्वारा अपने बक्तव्य में स्वामी विवेकानन्द जी के इस वर्ष के थीम (Its all in the MIND ) पर प्रकाश डाला स्वामी के आदर्श व विचारो पर नवयुवाओं को चलने हेतु प्रेरित किया एवं स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को बधाइयां प्रेषित की कार्यक्रम का समापन करते हुए फार्मेसी प्राचार्य के द्वारा आभार प्रकट किया गया व कार्यक्रम में संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी अरविन्द खरे,सतीश गिरि सहा.प्रोफेसर शिक्षा विभाग एवं संस्कृत विद्यालय के प्रचार्य एवं फार्मेसी संकाय,शिक्षा संकाय एवं संस्कृत विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका,एवं समस्त विभाग के छात्र एवं छात्रायें आदि उपस्थित रहे।





## सात पुलिस सब इंस्पेक्टरों के तबादले

### कई और पुलिसकर्मी भी किए गए इधर से उधर

**सतना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने एक बार फिर पुलिस कर्मियों के थानों की बदली कर दी है। इस बार सात उपनिरीक्षक समेत 30 कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया है। जारी तबादला आदेश के अनुसार ट्रैफिक थाना में रहे सूबेदार अमरीश साहू को ट्रैफिक से हटाकर पुलिस लाइन बुलाया गया है। पुलिस लाइन में रहे सब इंस्पेक्टर विष्णुदत्त चतुर्वेदी को नागौद,अशोक गर्ग को सभापुर और दिलीप मिश्रा तथा महिला सब इंस्पेक्टर प्रीति कुशवाहा को सिटी कोतवाली भेजा गया है। सभापुर से सब इंस्पेक्टर अजय शुक्ला को रामपुर,कार्यवाहक उप निरीक्षक बेबी तरन्नुम को रामपुर तथा सरला शर्मा को कोटर से पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक श्रीकांत द्विवेदी को पुलिस लाइन से उचेहरा, रामाश्रय साकेत को जैतवारा एवं कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक प्रेमशंकर द्विवेदी को पुलिस लाइन से कोलगवां भेजा गया है। प्रधान आरक्षक विजय लढिया को भी कोतवाली से थाना जैतवारा स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा 18 आरक्षकों के भी तबादले सतना एसपी ने किए हैं।

## राज्यमंत्री ने मेडीकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शनिवार को मेडीकल कॉलेज सतना का निरीक्षण किया। उन्होने कॉलेज के विभिन्न ब्लाक का भ्रमण करते हुये अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मेडीकल की पढ़ाई के संबंध में चर्चा कर कोर्स की गतिविधियों कें बारे में जानकारी ली। राज्यमंत्री ने मेडीकल कॉलेज प्रबंधन से कहा कि कॉलेज संचालन के लिये जिन भी आवश्यक संसाधन की कमी है, उसकी जानकारी उपलब्ध करायें। संसाधनों की पूर्ति के लिये शासन स्तर से मंजूरी दिलाने का काम किया जायेगा। मेडीकल कॉलेज पहुंचकर राज्यमंत्री ने वहां के स्टाफ एवं स्टुडेंट्स से उनकी समस्यायें जानी और निराकरण का आश्वासन दिया।

**आमजनों के आवेदनों पर की सुनवाई**

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान सर्किट हाउस सतना में विभिन्न क्षेत्रों से आये आम नागरिकों के आवेदनों पर जनसनुवाई की। राज्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुये समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने मौके पर मौजूद अधिकारियों को भी समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर आम जन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

धार्मिक महत्व का यह प्राचीन स्थल उपेक्षा का शिकार जो पर्यटकों के लिये विकास होने पर बन सकता है आकर्षण का केन्द्र

# दुर्लभ प्राचीन वनवासी श्री राम की प्रतिमा

# सिद्धनाथ (अगस्त मुनि) आश्रम आकर्षण का केंद्र



इस समय पूरे देश में एक ही गूंज सुनाई पड़ रही है और वह है अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर की। न्यूज़ चौनलों और अखबारों में भी इसी बात की चर्चा हो रही है। लेकिन यहां हम चर्चा कर रहे हैं भगवान राम के वनवासी रूप की। वनवास के दौरान भगवान राम, सीता व लक्ष्मण अयोध्या से प्रयागराज होते हुए चित्रकूट पहुंचे थे। फिर सतना होते हुए भगवान राम पन्ना जिले के अगस्त मुनि के आश्रम भी पधारे थे। यह आश्रम घने जंगल के बीच स्थित है, जहां पर भगवान श्री राम के वनवासी रूप की पाषाण प्रतिमा मौजूद है। बताया जाता है कि वनवासी राम की यह प्रतिमा सर्वाधिक प्राचीन है, जो धनुष की प्रत्यंचा को चढ़ाने वाली मुद्रा में है। इस अनूठी प्रतिमा की मौजूदगी के बावजूद यह प्राचीन स्थल अभी भी उपेक्षित है।

**पन्ना।** बुन्देलखण्ड अंचल के पन्ना जिले में धार्मिक व पुरातात्विक महत्व के अनेकों स्थल हैं, ऐसा ही एक अनूठा स्थल सलेहा के निकट सिद्धनाथ है जो ऐतिहासिक व पुरातात्विक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सिद्धनाथ मन्दिर परिसर में भगवान श्रीराम के वनवासी रूप की दुर्लभ पाषाण प्रतिमा मौजूद है। यह स्थान जिला मुख्यालय पन्ना से 60 किमी दूर विन्ध्य पहाडि़यों के बीच स्थित है। पुराविदों का यह दावा है कि देश में अब तक प्राप्त भगवान श्रीराम की पाषाण प्रतिमाओं में यह सबसे अधिक प्राचीन है। कहा जाता है कि दुर्गम पहाडि़यों के बीच स्थित इस स्थान पर अगस्त मुनि का आश्रम रहा है। उल्लेखनीय है कि इस पूरे परिक्षेत्र में 10वीं और 11वीं शताब्दी की दुर्लभ पाषाण प्रतिमायें व मन्दिरों के अवशेष बिखरे पड़े हैं। राम वन गमन पथ सर्वेक्षण यात्रा में बुद्धिजीवियों व पुराविदों का दल जब इस प्राचीन स्थल पर पहुँचा तो वनवासी राम की दुर्लभ और प्राचीन प्रतिमा को देख आश्चर्यचकित रह गया। जिस छोटी सी कुटिया में वनवासी वेश वाली भगवान श्रीराम की जटाजूटयुक्त पाषाण प्रतिमा रखी है, उसी के निकट सिद्धनाथ मन्दिर है जिसे खजुराहो के मन्दिरों से भी अधिक प्राचीन बताया जाता है। दुर्लभ पाषाण प्रतिमा में वनवासी राम धनुष की प्रत्यंचा खींचे हुये वीर भाव में दृष्टिगोचर हो रहे हैं जो लक्ष्य भेदने को तत्पर हैं। अंचल के ग्रामीणों की यह मान्यता है कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम वनवासी वेष में चित्रकूट से चलकर यहां अगस्त मुनि के आश्रम में आये थे। यहीं से होते हुये वनवासी राम पंचवटी पहुँचे। इस प्राचीन दुर्गम स्थान का दौरा कर चुके पुराविदों का कहना है कि इस स्थल का वर्णन बाल्मीक रामायण में है। वनवासी राम की पाषाण



प्रतिमा को अत्यधिक प्राचीन और दुर्लभ बताया गया है। इस प्रतिमा के यहां मिलने से यह स्पष्ट होता है कि उस काल में यह क्षेत्र राममय रहा होगा। सदियों से उपेक्षित पड़ी इस दुर्लभ पाषाण प्रतिमा में धनुष खण्डित है, लेकिन जटाजूटयुक्त वनवासी राम का वीर भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। इस दुर्लभ पाषाण प्रतिमा के संबंध में पुराविदों द्वारा अध्ययन किया जा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह कितनी प्राचीन है।

### खजुराहो से अधिक प्राचीन है यह मन्दिर

पन्ना के सिद्धनाथ मन्दिर की स्थापत्य कला देखने काबिल है। पुराविदों के मुताबिक सिद्धनाथ मन्दिर खजुराहो के विश्व प्रसिद्ध मन्दिरों से भी अधिक प्राचीन है। समुचित देखरेख के अभाव व संरक्षण हेतु अपेक्षित उपाय न होने के कारण पुरा सम्पदा से समृद्ध यह इलाका उपेक्षित पड़ा है। किसी जमाने में यहां पर खजुराहो की ही तरह मन्दिरों की पूरी श्रृंखला थी लेकिन समय के थपेड़ों में अधिकांश मन्दिरों का वजूद खत्म हो गया है। इन मन्दिरों के अवशेष जहाँ-तहाँ बिखरे पड़े हैं। यदि इस स्थल का समुचित विकास हो जाये तथा यहां की पुरा सम्पदा व मन्दिर का संरक्षण हो तो यह इलाका पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बन सकता है। भगवान के वनवासी वेश वाली दुर्लभ प्रतिमा के दर्शन करने दक्षिण भारत से हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु सिद्धनाथ आते हैं। इस धार्मिक महत्व के मनोरम स्थल में पहुँचकर वे अपने आपको धन्य समझते हैं। धार्मिक आस्था का केन्द्र होने के बावजूद इस प्राचीन स्थल तक अभी भी सुगम मार्ग नहीं है। ऐंसी स्थिति में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री योजना अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**अमानगंज।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज पीएम श्री विद्यालय योजना अंतर्गत छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्राचार्य एसके द्विवेदी एवं अन्य विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था प्रचार एसके द्विवेदी के साथ समस्त शिक्षक गण एवं स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा।

### 18-19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावली में 18-19 आयु वर्ग के अधिकाधिक युवाओं के नाम जोड़ने के संबंध में निर्देशित किया गया है। इस संबंध में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक युवाओं के नाम शामिल कराने तथा महाविद्यालयों में पूर्व से नियुक्त कैंपस एम्बेसडर का सहयोग प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़े जाने की कार्यवाही संपादित करने के लिए कहा है। पन्ना जिले में पुनरीक्षण के दौरान लगभग 6 हजार 120 युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने की कार्यवाही की जाना है। इसके विरूद्ध केवल 756 युवाओं के फार्म 6 प्राप्त हुए हैं।

### राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया भाजयुमो मंडल धरमपुर में



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज 12 जनवरी 2024 को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवा मोर्चा मंडल धरमपुर में जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे जी के आह्वान में धरमपुर हायर सेकंडरी स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता, नवमतदाता भाग्य विधाता प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे मुख्य अतिथि कौशल किशोर जी, शुभम सिंह राजपूत मंडल प्रभारी (धरमपुर, अजयगढ़) और साथ ही युवा मोर्चा के ऊर्जावान मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद गौतम जी के सह मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे और साथ ही प्रतियोगिता में टॉप-5 को शील्ड, मेडल और स्वेच्छा रुपए भेट कर छात्र एवं छात्राओ को प्रोत्साहित किया।

### पन्ना के खिलाड़ियों का सिवनी में खेले जाने वाले सेपकटकरा खेल में हुआ चयन



**पन्ना।** पन्ना जिले के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय खेल सिवनी में होने वाले खेल सेपकटकरा मे चयन होने पर खिलाड़ी अंकुर सेन एवं राजेंद्र सिंह का चयन होने पर यह दोनों खिलाड़ी सावनी मैं होने वाले राज्य स्तरीय 11, 12, 13 जनवरी 2024 शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं इन खिलाड़ियों के चौन पर जिले के खिलाड़ी ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## वैश्य महा सम्मेलन की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न



### वैश्य महा सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने वर्ण व्यवस्था जैसा आधारित संगठन बताया

**पन्ना।** जिले में वैश्य महा सम्मेलन का भव्य आयोजन होटल मोहन राज विलास में मुख्य अतिथि प्रदेश वैश्य महा संगठन के प्रदेश महामंत्री सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ, मीडिया से रू-ब-रू होते हुये प्रेस वार्ता में आपने इस संगठन को वर्ण व्यवस्था जैसे आधारित संगठन बताया। वर्तमान में संघे शक्ति कलयुगे में संगठन में ही शक्ति मानी जाती है जिसको लेकर प्रदेश में वैश्य महा संगठन इस समय जो अपने स्तर से जिलों का विभाजन करते हुये 63 जिलों को मानते हुये कार्य कर रहा है। वैश्य महा सम्मेलन के जिला स्तरीय वैठक का आयोजन आज दिनांक 13.01.2024 को नगर के होटल राज विलास में किया गया। जहां संगठन को लेकर भोपाल में भवन निर्माण के बिन्दु के बारे में विस्तृत चर्चा की गई यह बात प्रेस वार्ता आयोजित करते हुये संगठन के प्रदेश महा सचिव सुधीर अग्रवाल ने चर्चा के दौरान बताई वहीं इस संगठन में शामिल विभिन्न जातियों को जो समाहित किया गया है जब इसके बारे में आपसे जाना गया तो आपका जवाब था कि यह संगठन वर्ण व्यवस्था जैसे आधारित संगठन है। यानिकी कर्म के प्रधानता इस संगठन में विशेष रूप से मानी जा रही है। जिले में इसे समाजिक संगठन के रूप में एक प्रभावशाली संगठन बताते हुये आपने यह भी बताया कि महिला इकाई तथा युवा इकाई का तहसील स्तर तक गठन हो चुका है वहीं वैश्य महा सम्मेलन का प्रमुख आयोजन गुढ़ी पड़वा के दिन मनाते है। 4 कार्यक्रम महिलाओं के संगठन पर आधारित वहीं 4 युवाओं को प्रमुखता दी गई है संपूर्ण 12 प्रमुख आयोजन होते है। इतना ही नहीं इस संगठन को प्रभावी रूप से करने के लिये संगठन के द्वारा अपने स्तर परा कई जिलों का विभाजन यानिकी एक जिले के दो जिला संगठन कहें याकि जिलों में आसानी से कार्य करने के लिये 63 जिलों में संगठन के माध्यम से म.प्र. में वैश्य महा सम्मेलन 17 दिसम्बर को पूरे म.प्र. में कार्य करने को लेकर बांटे गये है। वहीं वर्तमान में शक्ति संगठन में ही है जिस तरह से ओ.बी.सी., एस.टी. आदि को लेकर राजनैतिक दिशा मुख्य रूप से फोकस को लेकर जानी जा रही है। इस संगठन में भी जहां वर्ण व्यवस्था की तर्ज पर आधारित संगठन जिसमें वैश्यों में गुप्ता, साहू, जड़िया, जैन आदि जाति के लोग भी शामिल है। जिस तरीके से संगठन की बैठक में सभी लोगों की भागीदारी दिखी इससे साफ जाहिर होता है कि वैश्य महा सम्मेलन में भी कहीं न कहीं अपनी शक्ति का इजाफा को ध्यान में रखकर इस संगठन को वर्ण व्यवस्था की तर्ज पर कर्म क्षेत्र के रूप में संगठन को दिशा दी जा रही है। वहीं मीडिया के उपस्थित सभी पत्रकारों का साल श्रीफल से सम्मान भी किया गया है। प्रमुख रूप से इस आयोजन में प्रदेश महा सचिव सुधीर अग्रवाल तथा नगर के युवा ऊर्जावान व्यवसाई मनोज गुप्ता साथ ही डॉ0 मोदी के अनुज कल्लू मोदी वहीं देवरानी-जेठानी साड़ी शो-रूम के प्रो0 गोपाल की विशेष उपस्थिति नजर आई। वहीं कई युवा व्यवसाई मैजूद रहे इस तरह से वैश्य महा सम्मेलन का जिला स्तरीय आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्य रूप से भोपाल में भवन निर्माण के रूपरेखा की दिशा के साथ-साथ इस बैठक में जोर दिया गया है। जिले में वैश्य बंधुओं की संगठन की ताकत की दिशा प्रभावशील बनाये जाने को लेकर यह संगठन कार्य करने की दिशा तय कर रहा है।

## प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा का पवई में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

### पवई विधानसभा अंतर्गत मां कलेही रेलवे स्टेशन हो पवई से कटनी, शाहनगर नवीन रेलवे लाईन की रखी मांग



**पवई।** आदरणीय श्री प्रदेश अध्यक्ष जी भारतीय जनता पार्टी एवं खजुराहो सांसद महोदय जी, बी.डी. शर्मा जी कटनी से साह नगर होते हुए पवई रात्रि 8:30 बजे पधारे नगर पंचायत पवई में प्रदेश अध्यक्ष बी.डी. शर्मा जी का भव्य स्वागत किया गया स्वागत गुनौर विधायक राजेश वर्मा जी ने भी माननीय सांसद जी का स्वागत किया जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया जी जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह जी मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी जी नगर पंचायत अध्यक्ष, बसंत दहायत जी बूथ अध्यक्ष प्रहलाद बेहर जी पवई विधानसभा प्रभारी पुष्पेंद्र पटेल जी, कानू राजा जी अभिषेक नामदेव जी, गणेश डेंगरे जी श्री शनि तमृकार जी ने सांसद महोदय एवं प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया एवं निवेदन किया कि पवई में रेलवे लाइन आए और मां कलेही रेलवे स्टेशन पवई जिला पन्ना मध्य प्रदेश बने श्री मान जी से नमन निवेदन किया गया खजुराहो कटनी कानपुर नवीन रेलवे लाइन वाया पन्ना से अमानगंज से पवई से कटनी तक नवीन रेलवे लाइन की पटली बछा कर पवई में रेलवे लाइन जो कि जी के सीमेंट फैक्ट्री भी अमानगंज देवरा जो की पवई विधानसभा क्षेत्र की अंतर्गत आता है मां कलेही रेलवे स्टेशन माता के नाम पर हो पवई से कटनी रेल कब आएगी अमृत काल में पैसेंजर ट्रेन ही चल जाए तो पन्ना अमानगंज पवई शाहनगर कटनी के बीच नवीन पैसेंजर ट्रेन ही चल जाए मां कलेही आप सब कृपा बनाए रखेंगे जय श्री राम जय जय श्री राम अबकी बार फिर मोदी सरकार बार-बार मोदी सरकार।

## ग्राम बंडी में राष्ट्रीय कुस्ती महिला-पुरूष का जंगी मुकाबला



**पन्ना।** देवेन्द्रगनर क्षेत्रान्तर्गत सुंदरा के समीप ग्राम बंडी में स्व. श्री पं. चन्द्रशेखर प्रसाद पाण्डेय की पुण्य स्मृति में दिनांक 15.01.2024 को राष्ट्रीय कुस्ती महिला-पुरूष का जंगी मुकाबला होने जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के पहलवान अपना दांव-पेंच दिखायेंगे। इस कार्यक्रम में सतना जिले के सांसद गणेश सिंह एवं म.प्र. शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी की उपस्थित होने की संभावना है। इस कुस्ती कार्यक्रम देखने के लिये ग्रामीण जनता अधिक तादात में एकत्रित होती है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस दंगल का वृहद कार्यक्रम तैयार किया गया है। क्षेत्र की जनता से अपील है कि इस दंगल प्रतियोगिता में पधार कर पहलवानों का हौसला अफजाई करें तथा कुस्ती का आनंद उठायें। इस कार्यक्रम का आयोजन उनके छोटे पुत्र राष्ट्रीय पहलवान रामभवन पाण्डेय द्वारा किया जा रहा है। दंगल आयोजक द्वारा बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर के पुरूष तथा महिला पहलवानों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जो दिनांक 15.01.2024 को ग्राम बंडी पहुंचकर अपने कुस्ती प्रतियोगिता का प्रर्दशन करेंगे।

## न.पा.परि. पन्ना के स्वच्छता पर्यविक्षक मोहम्मद इसरार का दुःखद निधन

**पन्ना।** नगर पालिका परिषद पन्ना में कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री मोहम्मद इसरार का दिनांक 11.01.2023 को हृदयघात के कारण दुखद निधन हो गया है। निकाय के अधिकारियों/कर्मचारियों में श्री इसरार के देहांत के असामयिक निधन के समाचार से गहरा दुःख हुआ। श्री इसरार 1988 से वर्ष 2015 तक नगर पालिका पन्ना में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य करते रहे। वर्ष 2016 में शासन के आदेशानुसार श्री इसरार को नियमित करते हुये स्वच्छता पर्यवेक्षक का दायित्व सौंपा गया था।



कार्यालय नगर पालिका में श्री इसरार को श्रृद्धाजंली अर्पित करते हुये दो मिनिट को मौन रखा गया। श्रद्धांजली अर्पित करते हुये विष्णु पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि हमारी संवेदनाएं शोक संतृप्त परिवार के साथ हैं। परमात्मा असमय मृत्यु से आहत परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में शशि कपूर गढ़पाले मुख्य नगर पालिका अधिकारी, रवि पाण्डेय जिला मंत्री भाजपा पन्ना सहित निकाय के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद पवई के सफाई दरोगा का दुखद निधन



**पवई।** नगर परिषद पवई में सफ़ाई दरोगा पद पर पदस्थ वार्ड नं 9 निवासी अभिलाष वाल्मिकी का आज लंबी बीमारी के चलते 42 बर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया अभिलाष के निधन पर बसन्त दहायत नगर परिषद अध्यक्ष विनीत नगायच बउव सहित सफाई कर्मचारियों ने शोक सम्बेदना व्यक्त की है।

## शासकीय कन्या हाई स्कूल में मनाया गया योग दिवस

**गुनौर।** स्वामी विवेकानंद कीजयंती पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाई जाती है उसी कड़ी में शासकीय कन्या हाई स्कूल गनौर में भी मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का पूजन अर्चन से कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए बच्चियों के स्वागत गीत के माध्यम से व पुष्प कुछ से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके बाद सभी छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अतिथियों ने सूर्य नमस्कार के 12 आसन प्राणायाम भ्रामरी सहित योग के सभी आयामों को किया एवं इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके प्रजापति, भारतीय जनता पार्टी गुनौर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र अवधिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष मलखान सिंह, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड गुनौर के अध्यक्ष अशोक अवस्थी संस्था के प्राचार्य अरविंद द्विवेदी, शिक्षक लाल बहादुर शर्मा ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला बताया कि स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था उनके पिता का नाम विश्वनाथ एवं मां का नाम भुवनेश्वरी देवी था स्वामी जी का बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था सन्यास दीक्षा के बाद स्वामी विवेकानंद कहलाए। स्वामी विवेकानंद प्रतिभा के धनी,युवाओं के प्रेरणा स्रोत, मार्गदर्शन अस्पृश्यता निवारण, शिक्षा के प्रचारक,उद्योगों के विकास महिला उत्थान में भी स्वामी जी का योगदान रहा है। स्वामी जी ने 11 सितंबर 1893 में अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्व धर्म संसद में भारत के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होकर अपने आकर्षक उद्बोधन से विश्वभर में हिंदू धर्म की मान्यताओं व विशेषताओं को पुनरप्रतिष्ठित करने में अहम भूमिका निभाई एवं हिंदी भाषा



को विश्व पटल पर सम्मान दिलाया स्वामी जी के जीवन से हमें प्रेरणा लेना चाहिए कि सभी लोग नित्य व्यायाम करें योग करें इससे कई प्रकार की बीमारियों से छुटकारा मिलता है शरीर निरोग रहता है निरोगी व्यक्ति में सोचने समझने संघर्ष करने की तीव्र क्षमता होती है स्वामी जी 39 वर्ष की अल्प आयु मेंअपनी अमिट छाप विश्व भर में छोड़कर 4 जुलाई 1902 को देवलोक सिधार गए। कार्यक्रम के अंत में मध्य प्रदेश गान एवं राष्ट्रगान उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

## राज्यपाल की पहल पर शुरू हुआ सिकल सेल एनीमिया मिशन

**पन्ना।** प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल आज इस गांव में आए हैं, मैं उनका हृदय से स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल के प्रदेश और विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों के लोगों से जीवंत संपर्क हैं। उन्होंने अपने स्तर पर सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के प्रयास शुरू किए, जो प्रमुख रूप से आदिवासी क्षेत्रों में ही पाई जाती है। श्री शर्मा ने कहा कि राज्यपाल श्री पटेल के प्रयासों से प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का अभियान शुरू किया गया है। इस अवसर पर विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रहलाद लोधी, राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### कुएं में उतराती मिली वृद्ध की लाश

**छतरपुर।** जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घूरा के बजरंगनगर में शनिवार को वृद्ध की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बमीठा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुंए से बाहर निकलवाया और शिनाख्त कराई। मृतक की पहचान घूरा निवासी 65 वर्षीय कल्लू अहिरवार के रूप में हुई है। वृद्ध कंए में कैसे गिरा फिलहाल इसके पीछे के कारण सामने नहीं आए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर, मर्ग कायम करते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एक माह बाद भी नहीं हो सका लूट का खुलासा



**छतरपुर।** करीब एक माह पूर्व सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के बीचों-बीच शांति नगर कॉलोनी में सर्राफा व्यापारी के साथ लाखों की लूट और बेरहमी से मारपीट की गई थी। इस मामले में अभी तक पुलिस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है। इसके अलावा शहर में हुई चोरियों के और भी कई ऐसे मामले हैं जिनकी तह तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। उल्लेखनीय है कि करीब एक माह पहले सर्राफा व्यापारी सुनील सोनी के साथ अज्ञात बदमाशों द्वारा उस वक्त मारपीट एवं लूट की घटना को अंजाम दिया गया था जब रात के वक्त वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जल्द खुलासा करने की बात तो कही लेकिन करीब एक माह बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

### विधायक मानपुर ने निज निवास में सुनी आमजनों की समस्या

**उमरिया।** विधायक मानपुर सुश्री मीना सिंह ने निज निवास में आम जनों की शिकायत सुनी एवं समस्या के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 89 बैगा हितग्राहियों को स्वीकृत किये गए आवास

**उमरिया।** मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम धुप खडा में प्रधानमंत्री जन मन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बैगा जनजाति के 89 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री जन मन आवास स्वीकृत किये गएए इसके साथ ही 12 हितग्राहियों के आधार कार्ड वनाये गये। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र व्दारा रोजगार शिविर का आयोजन किया गया, स्टेट बैंक आफ इण्डिया के ग्रामीण रोजगार संस्थान व्दारा 35 महिलाओं को जैविक उर्वरक निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

### डिप्टी कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र बेसहनी का किया निरीक्षण

**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित बेसहनी कैप चंदिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक से धान की खरीदी, किसानों द्वारा स्लॉट की बुकिंग, प्राप्त बारदानों में से उपयोग किए गए बारदानों की संख्या, बारदानों की क्वालिटी, धान के परिवहन भुगतान आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केंद्र तक आने वाले किसानों को खरीदी के समय किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। केंद्र तक आने वाली धान की क्वालिटी का परीक्षण किया जाए। धान की तुलाई निर्धारित मात्रा के अनुसार की जाए।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 20 को

**उमरिया।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि सत्र 2024.25 में जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित की गई है। परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के साथ पहचान, निवास सुनिश्चित करनें के लिए आधार कार्ड की मूल प्रति या आधार कार्ड न होने की दशा मे आवेदन के समय अपलोड किए गए अभिभावक के निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवश्यक रूप साथ में रखने को कहा गया है।

---

## कॉक्स डिस्टलरी में लापरवाही लगातार.....

# पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर चल रही शराब फैक्ट्री



### 10 साल पहले का वृक्षारोपण कागजी खानापूर्ति में दर्ज

**नौगांव।** शहर में संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स डिस्टलरी शराब फैक्ट्री संचालक प्रशासन द्वारा निर्धारित पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर शराब फैक्ट्री का संचालन करके शराब का निर्माण किया जा रहा है। फैक्ट्री संचालक ने पर्यावरण नियमों के मुताबिक दस्तावेजों में कुल भूमि के 33 फीसदी हिस्से पर ग्रीन बेल्ट दिखा कर प्रशासन को गुमराह करते हुए धड़ल्ले से फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। शासन से मिली भूमि का नियमानुसार पालन न होने पर भूमि निरस्त कराने को लेकर आवेदन के दो वर्ष बाद भी राजस्व विभाग मामला दर्ज कर कार्रवाई नहीं कर सका। इसके अलावा शराब निर्माण के बाद फैक्ट्री से निकले विषैले जहरीले पानी को सीलप नदी में छोड़कर मनमानी की जा रही है। जिस कारण आसपास के कुएं एवं नदी का पानी विषैला होता जा रहा है, जिसका सीधा असर किसानों के खेतों में लगी फसलों और खेतों की जमीनों को बंजर बना रही है, तो वहीं इस जहरीले पानी पीने से मवेशियों की मौत हो रही है साथ ही आसपास के रहने बाले ग्रामीण अंचलों के लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है ।

### 10 साल पहले 6.6 हेक्टेयर रकवे में 33 प्रतिशत भूमि को ग्रीन जॉन पोषित करना था

शहर में संचालित शराब फैक्ट्री जैगपिन ब्रेवरीज कॉक्स इंडिया लिमिटेड के संचालक विपिन चन्द्र अग्रवाल और जगदीश चन्द्र अग्रवाल ने देशी,बियर शराब निर्माण की अनुमति लेने के दौरान पर्यावरण विभाग को दिए गए आवेदन एवं एनओसी मिलने के दौरान फैक्ट्री की 6.6 हेक्टेयर भूमि के कुल रकवा में से 33 प्रतिशत भूमि पर ग्रीन जोन पोषित करना था । लेकिन फैक्ट्री संचालक ने अपनी मजबूत पकड़ के चलते ग्रीन जोन पोषित करने के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर पर्यावरण विभाग से मिली एनओसी के दस वर्ष गुजर जाने के बाद आज तक इस ओर ध्यान नही दिया। जो कहीं न कहीं जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों से साठगांठ कर मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है, जबकि प्रदेश सरकार पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अंकुर अभियान जैसे तमाम प्रयास किये जा रहे है, इसके बावजूद भी फैक्ट्री संचालक को शराब निर्माण की अनुमति मिलने के बाद ग्रीन जोन पोषित न करके 10 साल बाद भी पर्यावरण विभाग के नियम को ताक पर रखकर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। जब मीडिया टीम ने मौके पर जाकर कॉक्स डिस्टलरी के स्वामित्व की जमीन को देखा, तो ग्रीन जोन वृक्षारोपण के नाम पर कम्पनी ने बीते वर्षों में उक्त भूमि पर एक भी पौधा नहीं लगाया जो पेड़ बनकर पर्यावरण प्रदूषण को कम कर सके। ग्रीन जोन के नाम पर आज भी भूमि बंजर पड़ी हुई वृक्षारोपण कराने की गुहार लगा रही है, लेकिन बीते सालों में डिस्टलरी संचालक के द्वारा खाली पड़ी भूमि पर एक भी पौधा नही लगाया गया। जो पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर फैक्ट्री में शराब जो पर्यावरण नियमों को ताक पर रखकर फैक्ट्री में शराब का निर्माण करके प्रदूषण फैलाकर नगर सहित ग्रामीण अंचलों की हवा को दूषित किया जा रहा है।

### फैक्ट्री से निकलने बाला जहरीला पानी जानवरों और रहवासियों को घातक -

डिस्टलरी संचालक के द्वारा शराब निर्माण के समय नियम को ताक पर रखकर पर्यावरण की अनदेखी करते हुए शराब निर्माण के बाद निकलने वाले विषैले गंदे पानी को फैक्ट्री के पीछे से निकली सीलप नदी पर नाले का पानी खुला छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते आसपास के खेतों की भूमि तो बंजर हो रही है साथ ही कुएं एवं नदी का पानी विषैला हो गया है। जिसके चलते पानी पीने योग्य एवं फसलों में सिंचाई से दुष्प्रभाव पड़ रहा है। कुओं का पानी पीने से लोगों के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहा है।तो वहीं कुंए के पानी से खेतों की फसल खराब हो रही है, मजे की बात तो यह है कि सालों से आसपास के ग्रामीणों सहित नगर के समाजसेवियों द्वारा कई बार ज्ञापन सहित अन्य माध्यम से इस ओर पहल की लेकिन फैक्ट्री संचालक की जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों से साठगांठ एवं मजबूत पकड़ के चलते कार्यवाही नही की जाती।

### तहसीलदार की अदालत में प्रकरण दर्ज कराने अधिवक्ता ने किया आवेदन प्रस्तुत, दो वर्ष बाद भी मामला नहीं हो सका दर्ज

अधिवक्ता विवेक जैन ने दो वर्ष पहले कॉक्स डिस्टलरी के संचालकों को शासन से मिली भूमि पर पर्यावरण नियमों का उल्लंघन होने एवं ग्रीन बेल्ट विकसित न करने पर सशर्त मिली भूमि को शासकीय घोषित करने की मांग को लेकर तहसीलदार न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराने आवेदन प्रस्तुत किया था। तहसीलदार ने अधिवक्ता का आवेदन स्वीकार कर लिया था। अधिवक्ता ने डिस्टलरी को मिली शासकीय भूमि को वापिस लेने की मांग की थी। अधिवक्ता ने शासकीय राजस्व अभिलेख में भूमि ख०न० 53/1, 53/2, 59/2, 59/3, 59/4, 59/5, 59/6क, 66, 68 कुल किता 09 एकत्रित रकवा 8.541 हेक्टेयर स्थित मौजा शिकारपुरा शासकीय अंकित की जाए। अधिवक्ता के अनुसार भूमि ख०न० 53/1, 53/2, 59/2, 59/3, 59/4, 59/5, 59/6क, 66, 68 कुल किता 09 एकत्रित रकवा 8.541 हेकटेयर स्थित मौजा शिकारपुरा तहसील नौगांव जिला छतरपुर म०प्र० बर्ष 2001-2002 तक राजस्व अभिलेख में शासकीय अंकित रही है, एवं बर्ष 2002-2003 में उक्त भूमि काक्स इंडिया लिमिटेड जगदीश चन्द्र, विपिन चन्द्र तनय ओमप्रकाश को सशर्त पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रदान की गयी। यह कि काक्स इंडिया लिमिटेड जगदीश चन्द्र, विपिन चन्द्र तनय ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का ऐसा कोई कार्य नहीं किया है जिससे ये प्रतीत हो कि पर्यावरण संरक्षण किया गया है। काक्स इंडिया लिमिटेड जगदीश चन्द्र, विपिन चन्द्र तनय ओमप्रकाशअग्रवाल से पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गए व्यय एवम कृत्य की विस्तृत रिपोर्ट लिया जाना आवश्यक । अतः श्रीमानजी से विनय है कि भूमि ख०न० 53/1, 53/2, 59/2, 59/3, 59/4, 59/5, 59/6क, 66, 68 कुल किता 09 एकत्रित रकवा 8.541 हे० स्थित मौजा शिकारपुरा पूर्व की भांति राजस्व अभिलेख में शासकीय अंकित की जावे एवं काक्स इंडिया लिमिटेड जगदीश चन्द्र, विपिन चन्द्र तनय ओमप्रकाशअग्रवाल से पर्यावरण संरक्षण हेतु किये गए व्यय एवम कृत्य की विस्तृत जांच कराने की भी मांग की थी। लेकिन आवेदन के दो वर्ष गुजरने के बाद भी मामला पंजीबद्ध नहीं हो सका।

### इनका कहना है -

दो वर्ष पहले हुए आवेदन के बारे में मुझे जानकारी नहीं है, क्योंकि मेरे कार्यकाल के दौरान ऐसा आवेदन नहीं आया है। हम सोमवार को आवेदन एवं कॉक्स डिस्टलरी को दो गई गई भूमि को शर्तों को देखकर कार्रवाई करेंगे।

**संदीप कुमार तिवारी**
**तहसीलदार, नौगांव**

तहसीलदार से बात करके मामले को दिखवाते हैं, कॉक्स डिस्टलरी के संचालक को फैक्ट्री चलाने के लिए नियमों का पालन करना होगा, यदि नियमों का पालन नहीं किया जाएगा, तो निश्चित रूप से वैधानिक कार्रवाई करेंगे।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

---

# दावत कंपनी के कार्यक्रम में पहुंचे बिजावर विधायक राजेश शुक्ला





**बिजावर।** विधानसभा क्षेत्र के कुटिया टपरिया ग्राम में इन दिनो दावत कंपनी ग्रामीण विकास के अनेकों कार्य कर रही है। जिसमें आज वहां पर निर्मित किए जाने वाले साला भवन एवं तालाब खुदाई कार्य का विधायक राजेश शुक्ला द्वारा भूमि पूजन किया गया। दावत कंपनी ने विधायक राजेश शुक्ला का गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत कराया। कंपनी द्वारा कराए जा रहे ग्राम में चौपाल निर्माण स्ट्रीट लाइट तालाब के काम दिखाएं, और कहा की हम बिजावर विधानसभा क्षेत्र के अनेकों ग्रामों में कंपनी के माध्यम से काम करवा रहे हैं। विकास के काम हो या किसी गरीब आम आदमी की मदद स्वरोजगार की दिशा में भी काम करवा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक से इन कामों में सहयोग करने की भी अपील की। विधायक ने कंपनी को अस्वस्थ किया पूरा-पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मुख्य रूप से पानी लाइट रोजगार इत्यादि की समस्या है। जिसके लिए समाज सेवी संस्थाएं और सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह, सरपंच लखन मिश्रा, बाबू यादव, रामजी उपाध्याय, रामकृपाल दीक्षित, डॉ महेंद्र तिवारी, राजेश पांडे के अलावा दावत कंपनी के सीईओ अमित सिंह, उमेश सिंह, नारायण पटेल एवम ग्राम के सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

---

# प्राकृतिक खेती से मिलेगा बेहतर उत्पादन

## किसानों को बताये प्राकृतिक खेती करने के तरीके

**छतरपुर ।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण केंद्र पर प्रगतिशील किसान एवं मास्टर ट्रेनर चितरंजन चौरसिया ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती किसान के पास उपलब्ध गाय के गोबर, गोमूत्र, बेसन, गुड़ तथा उपलब्ध संसाधनों से की जाती है जिससे खेती की लागत कम होती है तथा मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है इसलिए प्राकृतिक खेती हर प्रकार से किसानों के लिए लाभकारी है। प्रगतिशील किसान मास्टर ट्रेनर चितरंजन चौरसिया ने इस अवसर पर किसानों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, खाद, ब्रह्मास्त्र एवं अन्य कीटनाशक बनाने की जानकारी दी एवं किसानों को खाद बनाने व उनका फसलों में प्रयोग की विधि भी बताई। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक जहां मिट्टी की उर्वरा शक्ति को कम करते हैं। वहीं इनके अंधाधुंध प्रयोग से अनेक प्रकार की बीमारियां मनुष्य और पशुओं में होती हैं इसलिए हमें जैविक खाद का प्रयोग सब्जी व फसल उत्पादन में करना चाहिए क्योंकि मिट्टी के अंदर पर्याप्त पोषक तत्व पाए जाते हैं जब हम इनमें जीवामृत का प्रयोग करते हैं तब असंख्य जीवाणु उत्पन्न होते हैं जिससे मिट्टी की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि होती है एवं अच्छा फसल उत्पादन प्राप्त होता है। इस अवसर पर किसानों ने प्राकृतिक खाद से उगाई जा रही आलू, टमाटर एवं मिर्च की फसलें भी देखी। प्राकृतिक खेती में उपयोग किए जाने वाला गाय का गोबर, गोमूत्र किसानों को बिना किसी खर्च के प्राप्त हो जाते हैं साथ ही गुड़, बेसन एवं अन्य सामग्री भी नाम मात्र के खर्च पर प्राप्त होती है इसलिए हमें कम लागत में पौष्टिक और अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। इस अवसर पर किसान मुन्नालाल रैकवार, उपेंद्र रैकवार, प्यारेलाल प्रजापति, वृंदावन अनुरागी, प्रभंजन चौरसिया सहित अन्य किसान उपस्थित रहे। सभी किसानों ने केंचुआ पालन एवं खाद उत्पादन इकाई का भी भ्रमण किया।



---

# सड़क हादसे रोकने सड़क सुरक्षा मित्रों की अनूठी पहल



**छतरपुर।** जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से आहत सड़क सुरक्षा मित्रों ने आज शनिवार से एक नई पहल शुरू की है एक ओर जहां लोगों को समझाइस देकर यातायात के नियमों की जानकारी दी जा रही है उन्हें हेलमेट लगाकर और सुरक्षित गति में वाहन चलाने के लिए कहा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर दुर्घटनाओं के लिए विख्यात हो चुके ब्लेक स्पॉट पर देव आराधना का अभियान भी शुरू किया गया है। इस अभियान के पहले दिन पन्ना नेशनल हाईवे पर बृजपुरा के आगे अतनिया तिराहे पर संगीतमयी सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया और बजरंगबली से सड़क हादसे रोकने में मदद करने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा मित्र वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, हरि अग्रवाल, प्रतीक खरे, राजेन्द्र शर्मा, पं. देव नारायण पाठक, राजकुमार उदेनिया, अभिषेक शुक्ला, विजय राजा, रमाकांत अकेला व उनकी सहयोगी टीम ने हाईवे के बीचोंबीच स्थित डिवाईडर पर बैठकर सुंदरकाण्ड का पाठ किया उसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया और फिर आरती हवन-पूजन कर भगवान से सड़क दुर्घटनाएं रोकने में मदद करने की अपील की। इस मौके पर यातायात पुलिस की ओर से एएसआई नवीन झा भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि लम्बे समय से सड़क सुरक्षा मित्र अनायास हो रहे सड़क हादसों को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। सड़क सुरक्षा मित्र प्रतीक खरे व राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को किसी न किसी ब्लेक स्पॉट पर इस प्रकार के आयोजन आगे भी किये जाते रहेंगे साथ ही युवाओं को यातायात के नियमों की जानकारी देने का अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान में जुडने की अपील की है।

---

# 23 साल सेवा देने के बाद शिक्षिका हुई सेवानिवृत्त

### स्टाफ एवं अभिभावकों ने दी भावभीनी विदाई

**अनूपपुर।** संकुल केंद्र फुनगा ग्राम चटुआ में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती चंद्रकला तिवारी का विगत दिवस विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। पूरे जीवन शिक्षक के रूप में बच्चों में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाली शिक्षिका के सेवानिवृत्ति पर उन्हें स्टाफ व अभिभावकों ने भावभीनी विदाई दी शिक्षिका चंद्रकला तिवारी ने कहा कि शिक्षक सेवानिवृत्ति होता है किंतु उसके द्वारा दी गई शिक्षा निरंतर विद्यमान रहती है। अभी स्टॉप एवं अभिभावक संकुल प्राचार्य एन के द्विवेदी, अरविन्द सिंह, एम के नामदेव, सीएसी मथुरा प्रसाद केवट, राजाराम द्विवेदी, स्वामी लाल टांडिया, राम दास पनिका, अशोक कुमार पटेल, संजीव कुमार पटेल, प्रदीप सिंह, श्रीमती प्रियंका तिवारी, अनीता तिवारी, निर्मला गर्ग, सविता यादव, कृष्णा कंवर, दीपिका सिंह, आशा आहके, प्रियंका मिश्रा, कृष्ण ज्योति मिश्र, संकुल केंद्र के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं केपी तिवारी, चंद्रिका प्रसाद मिश्रा, चंद्र भूषण मिश्रा, सुमन मिश्रा, कविता मिश्रा, रेखा द्विवेदी, दामिनी द्विवेदी, दीपक द्विवेदी मयंक मिश्रा, सुभाष मिश्रा, रुद्र मिश्रा, अंशु तिवारी, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवधर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने सेवा निवृत्ति षिक्षिका को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

---

# 68 वें अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, विजेता एवं उपविजेता टीम सम्मानित

## पिछली रनरअप नोएडा ने ग्रेटर नोएडा को 08 विकेट से हराकर 68 वें अंतर्राज्यीय टूर्नामेंट का जीता खिताब




**मुख्य अतिथि के रूप में छतरपुर विधायक ललिता यादव सहित अन्य अतिथि हुए शामिल**

**नौगांव।** शहर के राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित होने वाले 68 वें मेला महोत्सव के तहत अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मुकाबला नोएडा और ग्रेटर नोएडा के मध्य खेला गया। एकतरफा मुकाबले में पहले गेंदबाजी और फिर बल्लेबाजी में भारी पड़ने के कारण नोएडा ने यह फाइनल मुकाबला बड़े ही आसानी से जीत कर खिताब पर कब्जा किया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं छतरपुर विधायक ललिता यादव शामिल हुईं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक कामाख्या प्रताप सिंह, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह, जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक सहित कई अतिथि मौजूद रहे। मैच के बाद आयोजित समापन कार्यक्रम में अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं उपहार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

नगर पालिका परिषद द्वारा राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम के टर्फ विकेट पर 68 वें मेला महोत्सव के तहत आयोजित किये जा रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्रीड़ा सभापति ताहिर मंसूरी और मीडिया प्रभारी अभिषेक टीनू पटैरिया ने बताया कि अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में नोएडा ने ग्रेटर नोएडा को 08 विकेट से पराजित कर 68 वें मेला महोत्सव के तहत आयोजित अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में नोएडा और ग्रेटर नोएडा की टीम आमने सामने रही, जिसमें ग्रेटर नोएडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 126 रन बनाकर अपनी पड़ोसी नोएडा को जीत के लिए 127 रनों का लक्ष्य दिया। ग्रेटर नोएडा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सिद्धार्थ भाठी और प्रतीक नमन ने 26,26 रन, मोनू शुक्ला ने 21 रन और अभिषेक मावी ने 18 रन अपनी टीम के लिए बनाए। नोएडा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित नागर और दिव्यांश ने दो, दो विकेट जबकि लोकेश नागर और सुमित गोली ने एक एक विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नोएडा ने इस मैच को मात्र 16 ओवरों में 2 विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से पा लिया। बल्लेबाजी करते हुए नोएडा की ओर से सचिन भाटी ने सर्वाधिक 50 रन और अभय चौहान ने 49 रन बनाए। ग्रेटर नोएडा की ओर से मोनू शुक्ला एक ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने 04, ओवर करते हुए 27 रन देकर अपनी टीम के लिए 02 विकेट हासिल किए।

फाइनल मुकाबले में नोएडा के बल्लेबाज सचिन भाटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जबकि आयोजन समिति ने मैन ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नोएडा के ही अभय चौहान को चुना गया। इसके साथ ही बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट विकेटकीपर बेस्ट फील्डर सहित अनेक खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप राशि प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी एवं उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। जबकि नपा सीएमओ नीतू सिंह ने आभार प्रकट किया।

**खबर संक्षेप**

### शहर में अतिक्रमण कार्य निरंतर जारी

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर में हो.रहे अतिक्रमण पर अधिकारियो एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड 15 गड़रिया मोड़ गायत्री बिहार मैरिज गार्डेन के पास विना अनुमति के अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमण दल द्वारा मौके में पहुँच कर अजय कुमार पिता मुन्नू राम भुजवा द्वारा किये जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल बन्द कराये जाने की कार्यवाही की गई एवं वार्ड 10 शिल्पी उपवन मोड़ के पास एंगल लगाकर अमित अग्निहोत्री द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा था जिसे हटाये जाने की कार्यवाही नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी श्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी की टीम द्वारा की गई। साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही एवं फल, ठेला दुकानदारो को व्यवस्थित कराये जाने की कार्यवाही की गई।
फोटो क्रमांक 07 संलग्न है।

### रीवा से पैदल अयोध्या के लिए निकले रामभक्त जल्द से जल्द रामलला के दर्शन को इच्छुक

**रीवा।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का दर्शन करने के लिए रीवा जिले सेमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकिया के रिंकू पंडित रामभक्त पैदल ही निकल पड़े हैं। वह एक दिन का पैदल सफर करते हुए जवा तहसील से प्रयागराज की ओर चल रहें। राम के प्रति अगाध भक्ति और श्रद्धा देखकर हर कोई स्तब्ध है। रीवा से अयोध्या की 350 किलोमीटर की पदयात्रा 12 दिन में पूरी करने का अनुमान लगाया था, लेकिन राम की कृपा से एक दिन में ही 70 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर ली है। निर्धारित समय से पहले ही यह रामनगरी पहुंच जाएंगे। रीवा जिले के सेमरिया विधानसभा क्षेत्र ग्राम बकिया निवासी विष्णु कांत पांडे उर्फ रिंकू पंडित रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए रीवा से अयोध्या के लिए पैदल ही निकल पड़े हैं। 300 किलोमीटर की इस यात्रा को रिंकू पंडित ने 60 किलोमीटर एक दिन में ही पूरा कर लिया है।

# शासकीय महाविद्यालय मऊगंज व हनुमना में परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा सप्ताह का किया आयोजन

**रीवा।** सड़क सुरक्षा विषय के साथ लाइसेंस और यातायात जागरूकता कार्यक्रम के लिए शासकीय महाविद्यालय मउगंज और शासकीय महाविद्यालय हनुमना दोनों कॉलेजो में जाकर परिवहन विभाग द्वारा शिविर आयोजित किया गया अख़बार और सभी मीडिया के द्वारा कल ही मऊगंज जाकर लाइसेंस शिविर लगाने की सूचना प्रकाशित होने से शिविर में काफ़ी बच्चे आज कॉलेज में आये हुए थे।यह शिविर कलेक्टर मउगंज के आदेशनुशार मउगंज में जाकर आयोजित किया गया।शिविर में आर टी ओ रीवा,परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा और परिवहन चेकपोस्ट हनुमना के परिवहन स्टाफ़ के साथ मउगंज कॉलेज के प्राचार्य डॉ आलोक कुमार राय, प्रो महानंद द्विवेदी डॉ आर एन पटेल, अनवर ख़ान, साथ ही महाविद्यालय हनुमना से डॉ सनकादिक लाल मिश्र क्रीड़ा अधिकारी उमेश कुमार पाठक अतिथि विद्वान रीना कुमारी पांडेय , डॉ प्रभात मिश्रा उपस्थित रहे।शिविर में आर टी ओ रीवा के द्वारा घर बैठे लाइसेंस



कैसे बनाया जाता है इसके संबंध में बताया गया और उपस्थित सभी बच्चों को पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया समझाई और सभी बच्चों से अपना लाइसेंस बनवाकर ही चलने की समझाइस भी दी,साथ हो बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन न चलाए और चार पहिया चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। इसके अलावा यातायात से संबंधित जानकारिया साझा की। लाइसेंस बनाने के लिए इस लिंक पर https://sarathi.parivahan.gov.in/sarathiservice/stateSelection.do आवेदन करना है और जो जानकारिया मागी ज़ाय उसे भरकर आगे बढ़े आधार से लिंक मोबाइल का होना अनिवार्य है क्योंकि आपका ओ टी पी इसी आधार लिंक मोबाइल पर ही आएगा। आर टी ओ रीवा के द्वारा दोनों महाविद्यालय में कन्या छात्रो का लाइसेंस मौक़े पर ही बनवा के दोनों प्राचार्यों से प्रदाय कराया गया।दोनों महाविद्यालय के छात्रो में बहुत ही उत्साह देखा गया।

# राम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करें - एसीएस

**रीवा।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस कार्यक्रम के संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि भगवान राम सबके आदर्श हैं। भगवान राम के जीवन का धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्व है। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम से अधिक से अधिक आमजनों को जोड़ने का प्रयास करें। इसके लिए 22 जनवरी तक लगातार कई कार्यक्रम आयोजित करें। सभी प्रमुख मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक विशेष साफ-सफाई अभियान चलाएं। धार्मिक स्थलों को आकर्षक रूप से सजाएं। प्रमुख मंदिरों तथा सार्वजनिक भवनों में 21 जनवरी से 26 जनवरी तक रोशनी की व्यवस्था कराएं। मंदिरों तथा अन्य प्रमुख सावर्जनिक स्थलों



पर रामकथा, रामभजन, रामधुन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। रामचरित मानस के अखण्ड पाठ का भी आयोजन किया जा सकता है।
अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस संबंध में शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। सभी कलेक्टर नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में निर्देशों के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन कराएं। इसके संबंध में जिला स्तर और तहसील स्तर पर जनप्रतिनिधियों, धार्मिक संगठनों तथा प्रमुख मंदिरों के पुजारियों के साथ बैठक करके कार्यक्रम का निर्धारण करें। विश्वविद्यालयों एवं प्रमुख महाविद्यालयों में भगवान राम से जुड़े विभिन्न आख्यानों पर निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, परिचर्चा आदि का आयोजन कराएं। स्थानीय कलाकारों के माध्यम से भगवान राम से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराएं। अयोध्या जाने के लिए जो विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं उनके यात्रियों को समारोह पूर्वक विदाई दें तथा वापस लौटने पर उनका स्वागत करें। जिले भर में भगवान राम तथा रामकथा पर आधारित चित्रकला, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित करें।
अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह सबके लिए गौरव और सम्मान का क्षण है। प्रत्येक नागरिक से इस दिन अपने घरों में दीपक जलाकर खुशी की अभिव्यक्ति करने का अनुरोध करें। सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों तथा आमजनता के सहयोग से प्रमुख धार्मिक स्थलों में 22 जनवरी को भण्डारे का भी आयोजन किया जा सकता है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिंह सिंकरवार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पत्थर का अवैध परिवहन करते जेसीबी व हाइवा हुए जप्त



**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार पर उपसंचालक खनिज प्रशासन के नेतृत्व पर खनिज विभाग द्वारा सुबह से खनिज का अवैध उत्खनन परिवहन करने के सम्बद्ध में कार्यवाही की गई जिसमें जांच दौरान के ग्राम मरहा दादर मोड़ पर अवैध उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन टाटा हितेची 210 जप्त किया जाकर सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया । जे पी कंपनी द्वारा ग्राम मरहा में खनिज चुना पत्थर का बिना रायल्टी से परिवहन करते हुए 02 हाइवा mp20 ZE 2142,OD35 G 1661 द्वारा परिवहन करते हुए बिना दस्तावेज के पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर सुपुर्दगी में सुरक्षरत खड़ा कराया गया।,सभी वाहनों पर अवैध परिवहन व उत्खनन के प्रकरण पंजिबद्ध किये गए, कार्यवाही में खनि निरीक्षक वीर सिंह एवं खनिज अमला उपस्थित रहा।

# हर घर में 22 को 11 खुशियों के दीप जलाएं - उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर को पूरे देश में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस क्रम में जिले के सभी प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले भर में भगवान राम के जीवन चरित्र तथा रामकथा के आख्यानों से जुड़े विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस संदर्भ में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए गौरव और उल्लास का दिन है। पूरे जिले में अयोध्या भगवान श्रीराम के



स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा को त्यौहार के रूप में मनाया जाए। आमजनता को 22 जनवरी को अपने घरों में 11 खुशियों के दीपक जलाने के लिए प्रेरित करें। अयोध्या में मनाए जा रहे भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से हर व्यक्ति को जोड़ने का प्रयास करे। जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर उनके परिसर को सुंदर बनाएं। चिरहुला नाथ मंदिर, रानी तालाब मंदिर, महामृत्युंजय मंदिर, कष्टहर नाथ मंदिर गुढ़ तथा देवतालाब शिव मंदिर जैसे प्रमुख मंदिरों में विशेष साज-सज्जा कराएं। इन मंदिरों में रामचरित मानस के पाठ, रामधुन, राम रक्षा स्रोत के पाठ जैसे आयोजन भी कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रमुख मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों में सप्ताह भर के विभिन्न आयोजनों का कार्यक्रम निर्धारित करें। सांसदगण, विधायकगणों, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रमुख मंदिरों के पुजारियों के साथ एसडीएम बैठक करके कार्यक्रमों का निर्धारण करें। जिले भर में 22 जनवरी तक भगवान राम के चरित्र, रामकथा तथा भगवान राम से जुड़े विभिन्न आख्यानों के संबंध में परिचर्चा, संगोष्ठी, भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित कराएं। मंदिरों में रामधुन और रामचरित मानस के पाठ का भी आयोजन कराएं। सभी कार्यक्रम धार्मिक संगठनों एवं आमजनता के सहयोग और सहभागिता से आयोजित करें। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल रहे।

# झोंकमती माता मंदिर एवं प्रपात क्षेत्र का पर्यटक क्षेत्र के रूप में होगा विकास - कलेक्टर

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव द्वारा जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मझिगवां स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर द्वारा किए गए निरीक्षण दौरान गौशाला में 120 गाय पाई गई वहीं गौशाला में बेहतर व्यवस्था पाई गई। गौशाला साफ सुथरी मिली । गौशाला में गौवंश की सुरक्षा हेतु दो की संख्या में चरवाहे सेवा दे रहे हैं। कलेक्टर के निरीक्षण दौरान जनपद सीईओ एवं स्थानीय सरपंच तथा कई अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्थानीय सरपंच द्वारा कलेक्टर श्री श्रीवास्तव को बताया गया कि दोनों चरवाहे गायों को लेकर चराने के लिए है। गौशाला के पास पानी की व्यवस्था यहां पर नहीं है। जिस पर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा पीएचई विभाग से बात कर गौशाला के पास पानी की व्यवस्था कराए जाने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि गोवंशों की बेहतर व्यवस्था हेतु अच्छी व्यवस्था की जाएगी जिससे गौवंशों को चारा पानी के लिए परेशानी न हो।





### कलेक्टर ने झोकमती माता के किए दर्शन

हनुमना जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझिगवां गौशाला के पास झोंकमती माता का मंदिर हैं जो एक गुफा टाइप की है। और बहुत पुरानी है बहुत ऐतिहासिक है यहां बड़ी संख्या में यूपी और एमपी के श्रद्धालु इकट्ठे होते है काफी बड़ी भीड़ होती है। जहां पहुंचकर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने देवी माता का दर्शन कर क्षेत्र के सुख शांति का आशीर्वाद लिया।

### झरने का लिया जायजा -

मंदिर के पास ही स्थित पुराना झरना जिसका बारिश मे बहुत ही मनमोहक दृश्य होता है। इसी झरने से निकलकर एक नाला बनता है और आगे चलकर उसमें बहुत अच्छा जलप्रपात बनता है। जिसका भी कलेक्टर द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया और जनपद सीईओ हनुमना को निर्देश दिए कि जो झरना है उससे निकलने वाले नाले में हर आधा किलोमीटर में स्टॉप डैम या चेक डैम ऐसे बनाया जाए सीरीज में ताकि लगातार बारिश का पानी रुकता रहे और लगातार अधिक बारिश के पानी का प्रवाह इसमें बना रहे। और आवश्यकता अनुसार पानी का भराव हो सके। डैम में पानी भरने से स्थानीय स्तर पर बेहतर पानी सुलभ होगा पशु पक्षियों से लेकर पर्यटकों के लिए बेहतर पानी सुलभ हो सके। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर पर्यटकों की काफी भीड़ होती है इसको हम टूरिस्ट स्पॉट के रूप में डेवलप करेगे । जो पर्यटकों के लिए या श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी हैं और बेहतर व्यवस्था के साथ शेड एवं शौचालय वगैरह डेवलप किया जावेगा।

# कलेक्टर मऊगंज ने हायर सेकेंडरी विद्यालय मझिगवां का किया औचक निरीक्षण

**मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव शुक्रवार 12 जनवरी को मऊगंज जिले के हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले हायर सेकंडरी विद्यालय मझिगवां का औचक निरीक्षण किए। इस दौरान कलेक्टर द्वारा विद्यालय में पठन-पाठन से लेकर अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा विद्यालय में बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ साफ सफाई एवं अन्य शासन की योजनाओं संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक बच्चों की पढ़ाई में विशेष ध्यान देवे। कमजोर बच्चों के लिए अतिरिक्त क्लास चलाएं। साथ ही बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करें। साथ ही बच्चों को लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों से अवगत कराएं



जिससे लाइब्रेरी में बैठकर बच्चे अध्ययन कर सके। परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के लिए बच्चों के बीच टीम का गठन करें। अच्छे विद्यार्थियों द्वारा टोली बनाकर पढ़ाई कराएं जिससे बच्चों में जागरुकता आएगी और बेहतर पढ़ाई करेंगे। परीक्षा परिणाम बेहतर लाने हेतु ऐसी तैयारी करें कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 80 फ़ीसदी से अधिक आवे। प्रतिदिन विद्यालय न आने वाले बच्चों के अभिभावकों एवं गांव के जागरूक लोगों को टीम में जोड़ें जिससे बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आए। और बेहतर पढ़ाई कर सके।

अपूर्ण भवन पर निर्माण एजेंसी पर कार्यवाही के दिए निर्देश -

हनुमना जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत आने वाली हायर सेकेंडरी विद्यालय मझिगवां के निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने पाया कि विद्यालय के दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। भवन निर्माण तो कर दिया गया लेकिन 10 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज तक युक्त भवन का संबंधी निर्माण एजेंसी द्वारा प्लास्टर नहीं किया गया। जिसके संबंध में जनपद सीईओ के द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच के द्वारा निर्माण कराया गया था। लेकिन प्लास्टर का कार्य आज तक नहीं कराया गया। जिस संबंध में कलेक्टर ने जांच कर संबंधित निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए वसूली हेतु निर्देशित किए। इस दौरान एसडीम जनपद सीईओ तहसीलदार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवा दिवस पर व्हालीवाल खेल प्रतियोगिता का हुआ संपन्न



**मऊगंज ।** जिले मे राष्ट्रीय युवा दिवस के अंतर्गत संभागीय खेल युवा कल्याण अधिकारी रीवा के संरक्षण में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय कन्या के खेल मैदान में वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आर डी वर्मा गौरी विद्यालय सी एम राइज प्रचार बीके सिंह कन्या विद्यालय प्राचार्य अमरनाथ तिवारी, आर एच पटेल कन्या गौरी विद्यालय, शिक्षक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हनुमना के पीटीआई अरुंधर द्विवेदी ब्लॉक युवा समन्वयक विकासखंड हनुमना श्रीमती पुष्पा देवी पटेल, नवीन पटेल, अभिषेक द्विवेदी, आदित्य केसरी आदि लोग शामिल रहे।